## खबर संक्षेप

### मेरी जीत कार्यकर्ताओं को समर्पितः प्रतिमा



**सतना।** म.प्र.शासन की नगरीय विकास एवं आवासमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरी जीत पार्टी के कार्यकर्ताओं को समर्पित है। संगठन की शक्ति के आधार पर मुझे चुनावो में एतिहासिक सफलता मिली है,इसका श्रेय जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं को है।

### भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**सतना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण पार्टी कार्यालय में सुना गया।

### सेवानिवृत पुलिस अफसर को दी गई विदाई



**सतना।** पुलिस विभाग में सेवानिवृत्ति किए गए दो पुलिस अधिकारियों को सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में सस्ती पत्र और साल देकर उन्हें विदाई दी। इस दौरान कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने लंबे समय से पुलिस विभाग में तैनात रहे डीएसपी विजय प्रताप सिंह और सहायक उप निरीक्षक संतोष घर को प्रशस्ति पत्र और साल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी तथा बेहतर भविष्य की मंगल कामना भी की। इसी प्रकार यातायात थाने में पदस्थ रही सूबेदार एनिमा तिर्की को पदोन्नति कर रक्षित निरीक्षक बनाया गया है। पदोन्नति के बाद उनकी तैनाती रीवा की गई है।

### राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरुआत



**सतना।** जनवरी माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार सतना में कलेक्टर अनुराग वर्मा की उपस्थिति में राष्ट्र-गीत "वंदे-मातरम" एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन हुआ। सामूहिक गायन में अपर कलेक्टर ऋषि पवार,आयुक्त नगरनिगम अभिषेक गहलोत,डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी,एसडीएम नीरज खरे,एसके गुप्ता,एपी द्विवेदी,सुधीर बैक,सेवानिवृत्त उपयंत्री अरुण भारतीय सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नये वर्ष में दोगुनी ऊर्जा से करें कर्तव्यों का निर्वहन

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने नये वर्ष की पहली टीएल बैठक में सोमवार को नववर्ष की अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए दुगुनी ऊर्जा से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष 2023 में सभी विभागों ने बेहतर कार्य कर सतना जिले को टॉप टेन और टॉप फाइव की श्रेणी में रखा है। उन्होंने प्रत्येक विभाग प्रमुख अधिकारियों से उनके विभाग में नये वर्ष की प्राथमिकताएं,नवाचार और कार्य योजना की जानकारी लेते हुए उन्हें विभागीय टास्क भी दिए। सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सभी विभागों ने पिछले एक वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ऋषि पवार,नगरनिगम आयुक्त अभिषेक गहलोत, एसडीएम सुरेश गुप्ता,नीरज खरे,सुधीर बैक,एपी द्विवेदी,डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी,अधीक्षण यंत्री जीडी त्रिपाठी सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि सतना जिले में कुल 20 हजार 884 शिकायतें लंबित हो गई हैं। इनमें 11 हजार 182 शिकायतें दिसंबर माह में प्राप्त हुई हैं। सतना जिले की ग्रेडिंग में 12वां स्थान है।

## ट्रक और बसों के पहिए थमे

# नए मोटर कानून को लेकर अफरा- तफरी का माहौल







### पेट्रोल पंप पर भारी भीड़, लेकिन पेट्रोल और डीजल की किल्लत नहीं होगीः कलेक्टर

सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नए मोटर कानून को लेकर देश भर में अपना तफरी का माहौल है। सतना में भी ट्रक और बसों के पहिए जाम हो गए हैं। चालकों ने हड़ताल कर दी है,जिसकी वजह से पेट्रोल और डीजल के लिए पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ उमड पड़ी है।

सतना।

सोमवार को सुबह से लेकर देर रात तक पेट्रोल पंपों पर जबरदस्त भीड़ देखी गई। कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया है। इस बीच कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सोमवार की शाम हरिभूमि से बातचीत करते हुए बताया कि हड़ताल को समाप्त करने के लिए देशव्यापी प्रयास जारी है, लेकिन सतना में डीजल और पेट्रोल की किल्लत नहीं होगी।

ड्राईवरों की हड़ताल से जिले की तकरीबन 5 सैकड़ा बसों के पहिये जहां थम गये है वहीं ट्रकों से परिवहन भी ठप्प हो गया है। पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। अब आटो भी सड़कों पर चलते हुए कम देखे जा रहे हैं। नये रोड एक्सीडेन्ट कानून के विरोध में साल के पहले दिन ड्राइवरों ने हड़ताल कर दी। जिसकी वजह से यात्री जहां परेशान हुए,वहीं ट्रकों के परिवहन भी बंद रहा। ट्रक ड्राईवरों की हड़ताल से पेट्रोल-डीजल के लिये किल्लत बढ़ गयी।

#### पेट्रोल पंपों में भारी भीड़

ट्रक ड्राईवरों की हड़ताल से डीजल-पेट्रोल की किल्लत खड़ी हो गयी है। पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। हालात यही रहे तो एलपीजी की बड़ी किल्लत भी सामने आ सकती है।

#### क्या कहता है नया कानून

हाल ही में लोकसभा में हिट एण्ड रन रोड एसीडेन्ट केसों को लेकर नया रोड एक्सीडेन्ट कानून पास किया गया है। लिहाजा अब अगर कोई रोड पर एक्सीडेन्ट करके भागा तो उसकी खैर नहीं। अगर अब ऐसा हुआ तो आरोपी को 10 साल की सजा भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा 7 लाख रुपये तक का अर्थदण्ड भी लगाया जा सकता है। गलती से अगर किसी के द्वारा एक्सीडेन्ट हो जाता है और वह घायल व्यक्ति को हास्पिटल तक पहुंचाता है तो उसकी सजा कम की जा सकती है।

#### नागरिकों की परेशानी बढ़ी

ड्राईवरों की हड़ताल से बसों और ट्रकों के पहिये थम गये हैं। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पेट्रोल-डीजल की किल्लत के चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सवारी ढोने वाले आटो भी सड़कों पर नहीं दिखे। जिस कारण आने-जाने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सतना जिले में ड्राईवरों ने बसों का परिचालन नहीं किया। जिसके चलते करीब 500 बसों के पहिये थम गये। ड्राईवरों की इस हड़ताल से जहां पेट्रोल-डीजल की किल्लत खड़ी हो गयी,वहीं बस मालिकों को भी खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### हड़ताल के समाधान के जारी हैं प्रयासः कलेक्टर

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने हरिभूमि को बताया कि ड्राइवरों की हड़ताल को जल्दी समाप्त कराने के लिये सभी स्तर पर बातचीत की जा रही है। उन्होंने बताया कि सतना में डीजल और पेट्रोल की किल्लत नहीं होगी। डिपो से गाड़ियां आना शुरू हो गईं हैं।

## चोरी की घटना के फरार इनामी आरोपी को नागौद पुलिस ने किया गिरफ्तार

सतना।



चोरी की घटना के फरार आरोपी को नागौद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के विरोध पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) विक्रम सिंह कुशवाह के निर्देशन में एवं एसडीओपी भारतेन्दु शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नागौद अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पिछले साल 17 दिसंबर को फरियादी देवेन्द्र सिंह परिहार पिता स्व शिवराम सिंह परिहार उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 शास्त्रीनगर ने रिपोर्ट किया कि भांजी पुष्पांजली सिंह की शादी सार्थक पैलेस में पूरा परिवार सहित गया हुआ था। रात्रि 01.15 बजे अपने भांजी की शादी में घर पर ताला लगाकर गया था। घर पर कोई नहीं था शादी के कार्यक्रम से रात्रि 02.40 बजे वापस घर आया तो देखा कि घर के बाहर का ताला टूटा हुआ था एवं गेट पूरा खुला हुआ था घर के अन्दर अपने कमरे में जाकर देखा तो कमरे की अलमारी का लाकर टूटा हुआ था एवं उसमें रखा हुआ सामान बिखरा हुआ था व उसमे रखे सोने चांदी के जेवरात नगदी रकम नहीं थी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध थाना नागौद में अपराध क्रमांक 920/23 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना अज्ञात चोर की पता तलास की गई किन्तु कोई पता नहीं चल पाने के कारण पता तलास किये जाने हेतु अज्ञात आरोपी की पता तलास हेतु पुलिस अधीक्षक सतना के द्वारा 5000 रुपये का ईनाम उद्घोषणा जारी किया गया था। तलास दौरान जगह-जगह के सीसीटीव्ही फुटेज खगांले गये जिसमें रिंकू प्रजापति नाम के व्यक्ति के जैसे दिखा जिसे संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर सरगर्मी से पूछताछ किया गया जिसके द्वारा उक्त अपराध को सूना घर पाकर ताला तोडकर घर के अन्दर रखे आलमारी से सोने चाँदी के जेवरात व नगदी रकम चोरी कर ले जाना कबूल करने से आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

#### चोरी का माल बरामद

आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान एक नग मंगल सूत्र,एक नग चांदी का सिक्का,एक जोडी चाँदी की पायल,13 नग चाँदी की विछिया,4 नग सोने की कान की कील,एक नग सोने की नथ,एक नग मोती की माला,एक नग रोल्ड गोल्ड का हार बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रंगदेव सिंह, सउनि. हेमराज सिंह,सउनि. अजीत वर्मा, प्रआर. संदीप पाण्डेय, आर. अनिल वर्मा,संजय सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## धान का समर्थन मूल्य 3100 और गैस सिलेंडर 450 रुपए किए जाने की मांग को लेकर धरना

**सतना।** मोदी की गारंटी को पूरा करने किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये दिये जाने और गैस सिलिंडर 450 रुपये में भरे जाने सहित अन्य माँगों को लेकर विगत 29 दिसंबर से नागौद तहसील परिसर में चल रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। किसान युनियन के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी के मर्गदर्शन में चल रहे इस धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों में राजेश तिवारी,ऐडवोकेट आवेंद्र चतुर्वेदी,ऐडवोकेट इंजीनियर राजबहादुर लोधी,चौरसिया चौधरी दादूलाल लोधी,यशवंत सिंह,नागेंद्र सिंह परिहार,मनोज सिंह, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ नागौद,सुरेश गौतम सचिव अधिवक्ता संघ नागौद,अतुल प्रताप सिंह,राजकुमार कुशवाह,गणेश कुशवाह,मेमलाल कुशवाह,पतिया कुशवाह,राम सखी चौधरी,कल्लू कुशवाह,पंच गोविंद वर्मन,रामकृष्ण यादव, टीकेंन राय,पारस नाथ लोधी,हरि दास लोधी,राजकुमार कुशवाह,धनीराम साहू,फुलेश साहू,ओंकार यादव,ईश्वर दीन लोधी,लक्ष्मी लोधी,राम भुवन पटेल,महेंद्र बागरी,पूर्व सरपंच रामभईया लोधी शिवकुमार सिंह,राजेंद्र आदि प्रमुख है।आंदोलन के मार्गदर्शक ईश्वर चंद्र त्रिपाठी एड.आवेंद्र चतुर्वेदी,एड. राजेश तिवारी,इंजी.राजबहादुर,हरिदास लोधी,पारसनाथ लोधी आदि ने नागौद के नजदीकी धान खरीदी केंद्र गंगवरीया में किसानो से संपर्क किया और उन्हें आगामी बुधवार को आंदोलन स्थल नागौद तहसील परिसर से सुबह 11 बजे निकलने वाले जुलुस में शामिल होने का अनुरोध किया।इस दौरान सभी किसानों ने मिलकर मोदी की गारंटी लागू करो धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये क्विंटल देना शुरू करो जैसे नारे लगाए।

## चालकों पर लगाए गए काले कानून को वापस लिया जाएः शर्मा



सतना।

सोमवार को सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक स्वर्गीय मूलचंद सिंघई को नमन कर नव वर्ष के उपलक्ष उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभी पदाधिकारी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी पदाधिकारी गणों के साथ कारगिल चौराहे पर जाकर परिवहन चालकों द्वारा की जा रही हड़ताल का समर्थन किया एवं उनके साथ खड़े होने का वादा किया। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए इन काले कानून नियमों का हम विरोध करते हैं एवं सरकार से अपील करते हैं कि इन नियमों को तत्काल रूप से वापस लिया जाए। साथ ही बोले की सभी चालक भाइयों से आग्रह है कि नियमावली के हिसाब से शांतिपूर्वक हड़ताल की जाए। इस अवसर पर अभिषेक जैन,संजीव सिंह अरोरा,सुनील जायसवाल,सुरेन्द्र गुप्ता,पियूष शर्मा,राजेश केशरवानी,जय प्रकाश शर्मा, नीलांबर झा,अमित भावनानी,भारतेश ओझा,बृजकिशोर अग्रवाल,शैलेश शर्मा,मूलचंद यादव उपस्थित रहे।

## ललितांबा पीठाधीश्वर ने लिया विरक्त सन्यास

# दीक्षा और अब कहलाएंगे जयराम दास

### विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु और शिष्यजन

सतना।



पूज्य सद्गुरू देव ललिताम्बा पीठाधीश्वर आचार्य जयराम जी महाराज ने विरक्त सन्यास दीक्षा सुदामा कुटी आश्रम के श्रीमहंत सुतीक्षा दास महाराज से ग्रहण की है। इस समारोह पर शिष्यों को संदेश देते हुए आचार्य जय रामदास जी महाराज ने कहा कि समाज सेवा के उठाए गए संकल्प चलते रहेंगे और जरूरतमंदों की सेवा होती रहेगी। पूज्य सद्गुरुदेव ललिताम्बा पीठाधीश्वर आचार्य श्री जयराम जी महाराज आज नाभा पीठ सुदामा कुटी वृंदावन से परम पूज्य श्री श्री 1008 अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरू नाभाद्वाराचार्य स्वामी श्री सुतीक्ष्ण देवाचार्य जी महाराज के द्वारा विरक्त दीक्षा प्राप्त किए। संत समुदाय के द्वारा कहा गया कि वैसे तो आपका जीवन अहर्निश धर्म,समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहा है। लेकिन आज विशिष्ट विरक्त रामानंद वैष्णव परंपरा में विधिवत दीक्षित होकर पहले से भी ज्यादा तन्मयता के साथ भारत का सुधी समाज आपका मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने जीवन में नई ऊर्जा प्राप्त करेगा। जबलपुर से अनूप देव जी महाराज ने कहा मेरे आराध्य पूज्य सद्गुरुदेव भगवान श्रीनृसिंह पीठाधीश्वर डॉ.स्वामी श्यामदेवाचार्य जी महाराज के आप अत्यंत प्रिय थे। निश्चित रूपसे आज उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही होगी। पूज्य विरक्त शिरोमणि सुदामा कुटी के पीठाधीश्वर स्वामी श्री सुतीक्ष्णदास जी महाराज से विरक्त परंपरा में दीक्षित होने से आश्रम के मीडिया प्रभारी रवि पाठक ने बताया कि आचार्य रामजी महाराज के द्वारा वृंदावन,दिल्ली,हरिद्वार,चित्रकूट, मेरठ,मैहर सहित रामपुरवा धाम आश्रम का संचालन किया जा रहा है और इन आश्रमों के माध्यम से समाज सेवा के कई प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। बता दें कि आचार्य जयराम जी महाराज के द्वारा 1008 कुंडीय लक्ष्मी महायज्ञ पूर्व धाम आश्रम में किया गया था जो अपने आप में अनूठा और अविष्मरणीय महायज्ञ के नाम से जाना जाता है। महाराज श्री के संकल्पना के अनुसार कई आश्रमों में संस्कृत विद्यालय अन्य क्षेत्र गरीबों को जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण सहित कई कार्य सुचारु ढंग से किए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## तहसील परिसर के द्वार पर लगाई गई शिकायत और सुझाव पेटी



**अमानगंज।** गुनौर विधानसभा के विधायक राजेश वर्मा द्वारा अमानगंज तहसील के मुख्य द्वार पर दिनांक 1 जनवरी 2024 की सुबह 12 बजे शिकायत एवं सुझाव के लिए पेटी लगाई गई। जिससे गरीब मजदूर सभी वर्गो के लिए एक शिकायत पेटी लगाई गई जिसका मुख्य उद्देश्य तहसील परिसर पर दलालों एवं रिश्वतखोरों से बचाव के लिए लगाई गई हैं अगर कोई रिश्वत या आपका कोई काम तहसील परिसर में नहीं हो रहा है तो आप शिकायत पेटी में अपनी समस्या को लिखकर डालें और समस्या के प्रति गुनौर विधानसभा के विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा की निगरानी पर जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा एवं संबंधित अधिकारी को कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी इस कार्यक्रम मैं अमानगंज मंडल के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मीडिया की उपस्थिति में शिकायत पेटी को लगाया गया।

## अमानगंज थाना द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**अमानगंज।** थाना अंतर्गत पांडव प्रयाग के समीप अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया के दिशा निर्देश में लापरवाही वाहन चालकों के विरुद्ध एस आई रचना पटेल के नेतृत्व में लापरवाह बाहन चालकों शराबियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही में बिना हेलमेट 10 चालान किए गए एवं दो के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने न्यायालीन कार्रवाई की गई है कुल समन शुल्क 3300 रुपए वसूल कर समझाएं दी गई।

## अतिक्रमण कारियों से देवेंद्र नगर तहसील परिषद ही नहीं बच पाया



**देवेंद्रनगर-** न्याय का मंदिर कहां जाने वाला तहसील जो कि इन दिनों अपनी ही दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है कहने को तो देवेंद्रनगर तहसील परिसर कस्बा का सबसे बड़ा न्याय का मंदिर माना जाता जहां पर कई ग्रामों की समस्याओं का निराकरण करा कर लोगों को न्याय देता है किसी भी को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो न्यायालय पर लोग भरोसा करके लोग पहुंचते है की हमे न्याय मिलेगा और लोगों को न्याय मिलता भी है ।

## केन्द्र सरकार के काले कानून को लेकर देश भर में वाहन चालकों ने की हड़ताल

# वाहनों के थमे पहिये, आवागमन हुआ प्रभावित



**देश मे मोदी सरकार द्वारा विगत 23 दिसम्बर को एक नया काला कानून लोकसभा मे पास किया है, जिसमे वाहन चलाने वाले चालको को दुर्घटना करने पर दस साल की सजा तथा पांच लाख जुर्माना का प्रावधान किया गया है।**

पन्ना।

उक्त कानून को लेकर पूरे देश के वाहन चालक भारी दहशत मे है तथा चालको द्वारा नये वर्ष 2024 एक जनवरी को पूरे देश मे वाहन खडे करके एक दिवसीय सांकेतिक हडताल की गई है। यदि कानून मे संसोधन नही किया गया तो चार जनवरी को फिर से हडताल एवं आन्दोलन की बात कही गई है। पन्ना जिले मे भी उक्त हडताल का व्याप्क असर देखा गया है। जिले भर मे वाहन बंद रहे तथा चालको ने जिले के अनेक स्थानो पर चक्काजाम करते हुए किसी भी प्रकार के वाहन निकलने को लेकर विरोध किया है। महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिये गये ज्ञापन मे वाहन चालको ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि यदि कानून मे संसोंधन नही किया गया तो यह लडाई आंगे भी जारी रहेगी। ज्ञात हो कि ज्ञापन मे कहा है कि यदि इस प्रकार से कानून लागू होता है तो चालको द्वारा वाहन चलाना ही मुश्किल हो जायेगा, क्योकि यह मशीनरी का काम है, मशीनरी पर खराबी आने पर कभी भी दुर्घटनाए हो सकती है। जानबूझकर कोई भी चालक घटनाए नही करता है। पन्ना जिले के अजयगढ, देवेन्द्रनगर, अमानगंज, जिला मुख्यालय सहित अनेक स्थानो पर चालको द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त हडताल से बस स्टैन्ड मे संन्नटा पसरा रहा तथा आने जाने वाले राहगीर वाहानो की तलाश मे भारी परेशान रहें तथा गंत्वय स्थान तक जाने के लिए यात्रीयो को कोई भी वाहन नही मिल सकें। आंगे देखना है सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया जाता है।

## गुनौर में भी वाहन चालक संघ ने की हड़ताल सौंपा ज्ञापन

**गुनौर /** भारत सरकार द्वारा हिट एंड रन फरमान के खिलाफ आज पन्ना जिले की गुनौर तहसील मुख्यालय में वाहन चालक संघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा जो हिटलर शाही काला कानून जनता पर थोपा जा रहा है। उस आदेश की हम सभी वाहन चालक लोग मुखालफत करते हैं। हम ऐसे कानून को नहीं मानेंगे सरकार अगर ऐसा कानून हमसे मनवाती है तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। और वापस नहीं लेती है कानून को तो हम इस व्यवसाय को ही छोड़ देंगे। जिसके कारण सारे देश में परिवहन व्यवस्था चरमरा जाएगी। इस अवसर पर न्याय संहिता की धारा 2023 की धारा 106 (2) में जो सज़ा का प्रावधान 10 वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है इस सरकार को वापस ले लेना चाहिए। धारा के अंतर्गत कोई भी वाहन चालक अगर दुर्घटना करके वहां से भाग जाता है तो इसमें सजा का प्रावधान एवं जुर्माना का भी उल्लेख किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों ने सवाल किया कि घटनास्थल पर वाहन चालक खड़ा हो जाता है और उसे दुर्घटना स्थल पर जमा भीड़ पीट पीट कर मार डालती है वाहन चालक एवं उसका परिवार के बच्चों का भरण पोषण कौन करेगा इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। वाहन चालकों ने कहा कि अगर इतना लंबा जुर्माना देने के लिए वाहन चालक सक्षम होते तो वह दूसरे का वाहन ही क्यों चलाते। वहां क्या इलेक्शन मैंने करी चेतावनी देते हुए यह भी बताया कि इस कई कानून को जल्द वापस लिया जाए अन्यथा सभी वाहन चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगे इसकी संपूर्ण जवाबदारी सरकार की होगी।



## छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच.एस. शर्मा को दी गई भावभीनी विदाई

पन्ना।

जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य जी के सेवानिवृत का कार्यक्रम सानवी लैंडमार्क से अयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पन्ना जिला पंचायत सीईओ श्री संघ प्रिय, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय कुल सचिव यशवंत पटेल नए प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा, डॉ पुष्पेंद्र पटेरिया प्राध्यापक रसायन शास्त्र पूर्व प्राचार्य डॉ ए के खरे सेवा निवृत प्राध्यापक डॉ बी के दीक्षित जन भागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम, वर्चुअल रूप से जुड़े पूर्व प्राचार्य डॉ टी.आर. नायक, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. जे.के. वर्मा, डॉ उषा मिश्रा, डॉ उमा





त्रिपाठी, डॉ एस के पटेल, डॉ विनय श्रीवास्तव, जीडीसी कॉलेज के ग्रंथपाल नरेश पटेल, गुनौर महाविद्यालय से तथा देवेंद्रनगर कॉलेज एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहा इस विदाई समारोह में डॉ शर्मा जी के द्वारा किए गए। उल्लेखनीय कार्यों जैसे की निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना को छ।।ब ग्रेडिंग में ठ. स्थान दिलाने जैसे महत्वपूर्ण को रेखांकित किया गया साथ ही उनके द्वारा जिले के उच्च शिक्षा के स्तर में किए गए कार्यों एवं सराहनीय योगदानों को सदैव याद किया किया जाएगा महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ एस पी एस परमार जी ने भविष्य में उनको दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की शुभकामना देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय सदैव आपका ऋणी रहेगा आपके द्वारा किए गए जीवन्त कार्यों को सदैव याद करेगा। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा जी ने प्राचार्य महोदय द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की भागीदारी अध्यक्ष राजेश गौतम ने कहा कि अपने विषम परिस्थितियों में भी महाविद्यालय के विकास के लिए सदैव तत्पर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.एस. राठौर के द्वारा किया गया।

## स्टेरिंग छोड़ सड़कों पर उतरे ड्राइवर काला कानून वापस लेने की मांग

अजयगढ़।

एक जनवरी 2024 को जिला मुख्यालय पन्ना और अजयगढ़ तहसील मुख्यालय में ड्राइवर स्टेरिंग छोड़ सड़कों में उतर कर धरना प्रदर्शन कर नए कानून को वापस लेने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान कर दिया है। अजयगढ़ के ड्राइवरों ने तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 21 दिसम्बर 2023 को भारत सरकार द्वारा वाहन चालको के विरूद्ध काला कानून बनाए गया है। जिसमे यदि वाहन चालक से कोई दुर्घटना घटित होती है और वाहन चालक घायल को अस्पताल लेकर नहीं जाता है तो उसे 10 वर्ष कि सजा एवं 5 लाख



का जुर्माना होगा जबकि वाहन चालक किसी की जान लेने कि इच्छा से कोई कार्य नहीं करता मशीनरी कि कमी या सामने वाले की लापरवाही से ऐसी दुर्घटनाएं होती है। इस कानून में ड्राइवरों के हितो को ध्यान में नहीं रखा गया है। वाहन चालक दुर्घटना के बाद अगर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के लिए रुकता है तो भीड़ द्वारा वाहन चालक के साथ कोई आप्रिय घटना घटित हो जाती है। भारत सरकार द्वारा ड्राईवर के परिवार के हितो का अपने कानून में कोई ध्यान नही रखा गया है। अगर सरकार द्वारा 2 दिन में काले कानून को वापस नही लिया जाता है तो वाहन चालको के द्वारा अजयगढ़ के माधौगंज तिराहे में 04 जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ कर देंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी की होगी। ज्ञापन के दौरान कमलेश पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में वाहन चालक शामिल रहे।



## शासन की अनेक योजनाएं संचालित होने के बावजूद योजनाओं से वंचित हैं आदिवासी

**लकड़ी वेंच कर जीवन यापन कर रहे गरीब आदिवासी**

**नही मिल रहा योजनाओ का लाभ**

पन्ना।

देश मे आदिवासीयो के मतो पर सरकारे बन रही है, आदिवासीयो के उत्थान के नाम पर केन्द्र तथा प्रदेश सरकारो द्वारा अनेक योजनाए संचालित की जा रही है तथा उक्त योजनाओ के नाम पर भारी भरकम बजट दिया जाता है। लेकिन उक्त बजट की राशि गरीब आदिवासीयो को उपलब्ध नही हो पाती तथा आदिवासी वर्ग आज भी रोजी रोटी के लिए मोहताज है। लकडी बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे है। पन्ना जिले की स्थिती और ही बदतर है, जिले मे समाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, अनुसूचित जाति विभाग द्वारा योजनाए चलाई जा रही है लेकिन उक्त सभी योजनाए कागजो तक ही सीमित है। वर्तमान समय मे कडाके की भारी ठण्ड के चलते छोटे छोटे बच्चे महिलाए सिर पर लकडी का गठ्ठा लेकर जिला मुख्यालय 10 किलोमीटर दूर से आते है, जब उनकी लकडी सौ दौ सौ रूपये मे बिचती है तब वह अपना राशन पानी ले पाते है। वर्तमान समय मे भारी महगाई के चलते गरीबो की रोजी रोटी चलना बहुत ही मुश्किल की बात है, डेढ सौ से लेकर दौ सौ रूपये किलो दाल के दाम है, 35 रूपये किलो आटा, 50 रूपये किलो चावल, 150 रूपये किलो तेल, सहित सब्जीयो के भाव भी मंहगें है। ऐसी परिस्थती मे गरीबो का परिवार कैसे चले यह बहुत ही गंभीर विषय है। इस ओर सरकार का रवैया अच्छा नही है। जिम्मेवार राजनैतिक दल के जन प्रतिनिधि निर्वाचन के समय शराब तथा पैसे बांटकर वोट अर्जित कर लेते, उसके बाद गरीब तथा आम जनता से उनका कोई नाता नही रह जाता है। पन्ना जिले मे रोजगार के साधन उपलब्ध नही है, बेरोजगारी चरमसीमा पर है, पत्थर खदान, हीरा खदाने, बंद है वन तथा अन्य संसाधनो से कोई भी इस प्रकार के रोजगार के साधन उपलब्ध नही कराये जा रहे। जिसमे लोगो को रोजगार मिल सकें। जिले मे उद्योग के नाम पर जेके सीमेंट प्लांट प्रारंभ हुआ था जिसमे हजारो एकड किसानो की जमीन कंपनी द्वारा अधिग्रहित कर ली गई तथा लोगो को बरगलाया गया था कि सभी किसानो तथा बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। लेकिन बेरोजगारो तथा किसानो को कंपनी प्रबंधन द्वारा कोई भी रोजगार नही दिया गया। इस प्रकार से इस जिले मे चल रहा है।

## संकल्प यात्रा में विधायक द्वारा हर जरूरतमंद व्यक्ति को समुचित न्याय देने के लिए अधिकारियों को किया संकल्पित

पन्ना।

देश के मा. प्रधानमंत्री की संकल्प यात्रा में बिकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हम अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति को समुचित न्याय और योजनाओं का न्याय संगत लाभ पहुंचा सकें? क्योंकि हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए कि हमें हर गांव गांव हर वार्ड में पैदल चलकर लोगों से उनकी परेशानियों, उनकी समस्याओं को जानना होगा उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास करना होगा इसके लिए हमें हर अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति के पास जाकर उसकी समस्याओं का आभास, परिशीलन करना होगा। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। आवश्यक यह नहीं है कि हम कुर्सी में बैठे-बैठे आवाम की समस्याओं से रूबरू हो बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम उस व्यक्ति के पास तक जाएं जिस किसी भी योजना में लाभान्वित होने के लिए उसका फॉर्म तक भरना नहीं आता है! उसका फार्म भरें विधानसभा के बस स्टैंड परिसर में आज क्षेत्रीय विधायक सुरेश विधानसभा से दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के उपरांत उन्होंने जनता द्वारा दिए गए आशीर्वाद को उनकी आकांक्षाओं को शत प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा। इस अवसर पर उन्होंने इशारों इशारों में सरकारी मुलाजमो को यह




कहते हुए चेता दिया कि मेरी विधानसभा के अंदर चाहे कोई भी व्यक्ति हो चाहे वह पक्ष का हो या विपक्ष का सभी का आदर सम्मान होना चाहिए। सभी के कार्य बगैर किसी राजनीतिक इच्छा शक्ति के पूर्ण होना चाहिए क्योंकि हमारे विधानसभा में हर मतदाता हमारा भगवान है और उसके द्वारा दिए गए आशीर्वाद को हम जाया नहीं जाने देंगे। हम हर गली मोहल्ले में जाकर उसकी आवश्यकता अनुसार योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रदान करने के लिए अपनी संपूर्ण ऊर्जा लगा देंगे। विधायक ने यह भी कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना यह है कि हमें समग्र विकास करना है और इसके लिए हमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करनी चाहिए पंडाल में लगाए गए विभिन्न प्रकार की योजनाओं के स्टॉल उन पर बैठे हुए सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी को यह सुनिश्चित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हम आप सभी लोग यहां पर तब तक बैठे रहेंगे जब तक आवेदन आते रहेंगे। योजनाओं का प्रचार प्रसार करने हेतु भारत संकल्प यात्रा का रथ भी हर क्षेत्र गांव-गांव प्रचार कर रहा है। क्षेत्रीय विधायक ने अपनी चिर परिचित कर शैली के अनुसार तहसील मुख्यालय के अंदर एक जन शिकायत पेटी को भी टांगा गया। जिसमें से एम क्षेत्रीय विधायक इसकी मॉनिटरिंग करेंगे पूर्व में भी डॉक्टर राजेश वर्मा ने इसी तरह का लेटर बॉक्स तहसील परिसर के अंदर टांगा गया था मगर उसके बाद निर्वाचित विधायक के द्वारा इस प्रकार के कार्य नहीं किए गए जो बेहद दुखद है।



## श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी 22 को

**सिमरिया।** धर्म प्रेमी समाजसेवी राजू राजा ने नए साल में सिमरिया तहसील के विरासन ग्राम पंचायत में कुरहा बब्बा में 22 जनवरी 2024 को श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा राजू राजा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री के अधिक प्रयासों से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी तर्ज पर हमारे ग्राम वासियों ने सभी लोगों ने 63 दिन की रामधन का आयोजन किया था जो 22 जनवरी को यहां पर भी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी नए साल में बहुत लोग आए सभी लोगों ने आशीर्वाद लिया और सभी क्षेत्र के लोग आनंद मई हैं।

# ड्राइवरों का आरोप: मजदूरों के लिए प्राणघातक है नया मोटर व्हीकल एक्ट

# बस और टैक्सी ड्राइवरों ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल





नए साल के पहले ही दिन टैक्सी और बस चालकों की हड़ताल से रफ्तार थम गई। वाहनों के न चलने और ड्राइवरों द्वारा चक्का जाम किए जाने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई बीमार व्यक्ति इस हड़ताल का शिकार हो गए। ड्राइवरों का कहना है कि नया मोटर व्हीकल एक्ट उनके लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

छतरपुर।

परिवहन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष प्रखर भट्ट ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जो नया प्रावधान किया गया है उसके खिलाफ ड्राइवरों में आक्रोश है। यदि ड्राइवर के पास पैसे होते तो वह 300 रूपए की मजदूरी न करते हुए भी कहीं दुकान खोलकर बैठ जाते। एक ड्राइवर रमेश रैकवार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी सावधानी के साथ वाहन चलाने के बावजूद कई बार हादसा हो जाता है। हादसे में गलती बड़े वाहन की ही तय की जाती है ऐसी स्थिति में यदि कोई घटना हो गई तो वे 7 लाख रुपए का जुर्माना कहां से दे सकेंगे तथा 10 साल की सजा तय होते ही उनका परिवार भूखे मरने की स्थिति में पहुंच जाएगा। ड्राइवरों का कहना है कि जब तक इस कानून को वापस नहीं लिया जाता तब तक वह अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। उधर ड्राइवरों की हड़ताल एवं चक्का जाम किए जाने के कारण लोगों को खासी समस्याओं से जूझना पड़ा। अपना इलाज कराने जिला अस्पताल जाने वाले लोग कई घंटे जाम में फंसे रहे। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर चक्का जाम करने वाले लोगों को समझाइस दी तब कहीं जाकर रास्ता खुल सका। वहीं पेट्रोल पंपों पर भी लोगों की खासी भीड़ देखी गई। लोगों ने हड़ताल के कारण पेट्रोल की कमी चलते आज अपने वाहनों में अतिरिक्त डीजल-पेट्रोल भी डलवाया।


## खबर संक्षेप

### सागर में संभाग स्तरीय दो दिवसीय डाइट की खेल प्रतियोगिता आयोजित

**नौगांव।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान यानि डाइट में अध्यनरत छात्र छात्राध्यापकों ने बीते दिनों सागर में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए जिले का नाम रोशन किया है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान सागर संभाग की जोन स्तरीय खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2023 का आयोजन सागर में 29 एवं 30 दिसंबर को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में संभाग की सभी डाइट के छात्राध्यापकों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में छतरपुर जिले की डाइट ने अपना परचम लहराया। डाइट नौगांव ने बालक एवं बालिका दोनो वर्ग की बालीवाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल प्रतियोगिता बैडमिंटन में कपिल दीक्षित, तात्कालिक भाषण में रौनक परवीन, कहानी वाचन में शोभा अवस्थी, लघु कथा लेखन में क्षमा मुखरैया, निबंध में सुमित जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही मांडवी सोनी ने वाद विवाद प्रतियोगिता एवं रितिका चौधरी ने कैरम में दूसरा, शतरंज में धीरेन्द्र अहिरवार, तात्कालिक भाषण में चंदन साहू, कविता तथा निबंध में दीपाली तिवारी तथा चित्रकला में उमा अनुरागी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान प्राचार्य पीएल अहिरवार ने सभी छात्राध्यापकों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में सहयोगी रहे श्री एनडी पाठक, आरके वर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन की नई जिला कार्यकरणी का हुआ गठन

**छतरपुर।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की इकाई की एक बैठक 01 जनवरी 2024 को गांधी आश्रम छतरपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिले की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। पूर्व कार्यकारिणी के



अध्यक्ष जेपी शुक्ला ने नए अध्यक्ष पद के लिए लखन लाल अग्रवाल का नाम प्रस्तावित किया, जिसे वीरेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी ने सर्वसम्मति प्रदान की। पूर्व सचिव अनंत राम चौबे ने सचिव पद के लिए प्रकाश तिवारी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सुरेंद्र तिवारी सहित सहित सभी ने सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार पूर्व कोषाध्यक्ष राम शरण मिश्रा ने कोषाध्यक्ष पद के लिए जेके अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे यमुना सिंह सहित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। इस प्रकार नए वर्ष के पहले दिन नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। इस बैठक में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा पेंशनर्स से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा की गई। अंत में एसके तिवारी ने सभी साथियों आभार व्यक्त किया।

### हिन्द मजदूर सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन 3-5 जनवरी नागपुर में


**धनपुरी।** हिन्द मजदूर सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन 3 जनवरी से 5 जनवरी तक नागपुर में आयोजित होने जा रहा है। हिन्द मजदूर सभा के 75वें स्थापना वर्ष में 34वां त्रिवार्षिक अधिवेशन अपने आप में काफ़ी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इस अधिवेशन में देश भर से बिभिन्न उद्योगों में कार्यरत हजारों श्रम संगठन के प्रतिनिधि भाग लेने जा रहे हैं। भारत सरकार की मजदूर विरोधी नितियों खास कर सारे क्षम कानूनों को समाप्त कर चार नये कोड बनाते जाने, देश के तमाम सार्वजनिक उपक्रमों को नीजी सोरों में सौंपे जाने, पुरानी पेंशन बहाली, आदि मुद्दों पर अधिवेशन में व्यापक चर्चा कर आगे का एजेंडा तय होगा। वर्तमान में मजदूर आंदोलन जिस दौर से गुजर रहा है ऐसे में देश में एक सशक्त मजदूर आंदोलन की आवश्यकता है। इसके लिए हिन्द मजदूर सभा जो पूर्णतः गैरराजनीतिक संगठन है पूरी तैयारी में है। देश ही नहीं दुनिया के पैमाने पर हिन्द मजदूर सभा की एक अलग पहचान बनी है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय क्षम संगठन व की अंतरमहाद्वीपीय संगठनों में हिन्द मजदूर सभा को प्रतिनिधित्व मिला है।

# मेला महोत्सव के तहत 68वें अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर स्टेडियम पूर्ण तैयार

**उद्घाटन मुकाबला कानपुर और दिल्ली के मध्य, दूसरा मुकाबला नोएडा और नौगांव के मध्य**

नौगांव।

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किये जाने वाले मेला महोत्सव के तहत शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में 68 वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ का आगाज आज मंगलवार से होने जा रहा है। जिसको लेकर स्टेडियम पूर्ण रूप से तैयार है। नपा के कर्मचारियों द्वारा दिन रात मेहनत करके स्टेडियम को तैयार किया गया है। स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत आज मंगलवार से अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हो रहा है। टूर्नामेंट में आज 2 जनवरी को उद्घाटन मुकाबला कानपुर और दिल्ली के मध्य जबकि दिन का दूसरा मुकाबला नोएडा और नौगांव के बीच खेला जायेगा।



शहर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका द्वारा आयोजित किये जाने वाले 68 वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज मंगलवार से शुरू होने जा रहा है। नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी एवं क्रिकेट क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी ने बताया कि उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पहला मुकाबला खेला जायेगा। क्रिकेट टूनामेंट में रोजाना दो मुकाबले खेले जायेगे। जिसके तहत आज सोमवार 2 जनवरी को उद्घाटन मुकाबला कानपुर और दिल्ली के मध्य जबकि दिन का दूसरा मुकाबला नोएडा और नौगांव के बीच खेला जायेगा। इससे पहले नपा के कर्मियों के द्वारा पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से चले लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन होने के बाद दिन रात मेहनत करके ग्राउंड को फिर से तैयार कर लिया गया है। टूर्नामेंट में कानपुर, दिल्ली,नोएडा गाजियाबाद ,मुंबई, प्रयागराज, हरियाणा, ग्रेटर नोएडा, गुडगांव और महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता नौगांव की टीम शामिल होकर अपना दमखम दिखाएगी। इसके अलावा क्रिकेट टूनामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच सात जनवरी को और दूसरा सेमीफाईनल बारह जनवरी को खेला जाएगा। क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला तेरह जनवरी को भारी जनसमूह के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोई बड़ा क्रिकेट खिलाडी या फ़िल्मी सितारे के शामिल होने की उम्मीद है।



# नए साल में एसपी अमित सांघी की महिलाओं के लिए सुरक्षा की पहल

छतरपुर।

नए साल में एसपी अमित सांघी ने महिला सुरक्षा के संबंध में एक नई पहल शुरू की है उनके द्वारा नए साल के उपलक्ष्य में सशक्त नारी कार्ड जारी किया गया है। इस कार्ड में क्यूआर कोड बना हुआ है जिसको स्कैन करने से आपको सभी थानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हो जाएंगे और आप जिस थाना क्षेत्र में है उस थाने का विशेष रूप से नंबर आपको स्कैन करते ही मिल जाएगा, साथ ही महिला पुलिस थाना, महिला हेल्पलाइन नंबर, जिला पुलिस कंट्रोल रूम और पुलिस अधीक्षक का भी मोबाइल नंबर इस कार्ड में मौजूद रहेगा। सोमवार को सशक्त नारी कार्ड पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में महिलाओं और बच्चियों को स्वयं एसपी अमित सांघी ने बांटे। उन्होंने कहा कि इस कार्ड का उद्देश्य है कि जो महिलाएं, नारी शक्ति और बच्चियां स्कूल कॉलेज में पढने जाती हैं या कहीं अन्य जगहों पर जाती हैं अगर उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वे तुरंत कार्ड के माध्यम से पुलिस से संपर्क कर लें ताकि उन्हें तत्काल मदद उपलब्ध हो सकेगी। वही इस कार्ड को लेकर महिलाओं और बच्चियों ने भी एसपी अमित सांघी की महिलाओं के प्रति शुरू की इस पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि निश्चित ही यह कार्ड महिलाओं के लिए सुरक्षा के संबंध में कारगर साबित होगा।



# जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले ने लहराया परचम

**छतरपुर।** शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान सागर संभाग की जोन स्तरीय खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2023 का आयोजन सागर में 29 एवं 30 दिसंबर को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में संभाग की सभी डाइट के छात्राध्यापकों ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में छतरपुर जिले की डाइट ने अपना परचम लहराया। डाइट नौगाँव ने बालक एवं बालिका दोनों वर्ग की बालीवाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल प्रतियोगिता में बैडमिंटन में कपिल दीक्षित, तात्कालिक भाषण में रौनक परवीन, कहानी वाचन में शोभा अवस्थी, लघु कथा लेखन में क्षमा मुखरैया, निबंध में सुमित जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही मांडवी सोनी ने बाद विवाद प्रतियोगिता एवं रितिका चौधरी ने कैरम में दूसरा एवं शतरंज में धीरेन्द्र अहिरवार, तात्कालिक भाषण में चंदन साहू, कविता तथा निबंध में दीपाली तिवारी तथा चित्रकला में उमा अनुरागी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

संस्थान प्राचार्य पीएल अहिरवार ने सभी छात्राध्यापकों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में सहयोगी रहे एनडी पाठक, आरके वर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी का धन्यवाद दिया।

## पुरातत्व आयुक्त से अनुमति न मिलने से संग्रहालय को लगभग 1 लाख से अधिक के राजस्व का नुकसान

# अवकाश होने के चलते नया वर्ष सेलिब्रेट करने पहुंचे सैलानी हुए निराश

नौगांव।

महाराजा छत्रसाल राजकीय संग्रहालय में नया वर्ष 2024 सेलिब्रेट करने पहुंचे सैलानी सोमवार अवकाश होने के कारण संग्रहालय बंद होने से निराश लौटे। मऊसहानियां में स्थित प्रदेश का सबसे बड़ा संग्रहालय बंद होने के कारण पहुंचे सैलानी ऐतिहासिक धरोहर का दीदार किए बिना ही मायूस होकर लौटना पड़ा। हालांकि संग्रहाअध्यक्ष प्रभारी ने पिछले दिनों पुरातत्व आयुक्त भोपाल एवं उपसंचालक ग्वालियर को पत्र लिखकर नए वर्ष के पहले दिन साप्ताहिक अवकाश होने के कारण संग्रहालय को खोलने की अनुमति मांगी थी, लेकिन शासन स्तर से अनुमति न मिलने के चलते सोमवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते नए वर्ष के पहले दिन पुरातत्व विभाग को एक लाख रुपए के आसपास के राजस्व के नुकसान का आंकलन है।

नया वर्ष 2024 सेलिब्रेट करने के लिए पर्यटक ग्राम मऊसहानियाँ में 20 से 25 हजार के लगभग पर्यटक परिवार सहित धुबेला में




स्थित महाराजा छत्रसाल संग्रहालय का भ्रमण करने पहुंचे। लेकिन पुरातत्व विभाग के सोमवार अवकाश होने के कारण महाराजा छत्रसाल संग्रहालय बंद होने से भ्रमण एवं इतिहास से रूबरू नहीं हो सके। जिसके चलते आए सैलानी मायूस होकर वापिस लौटे। हालांकि संग्रहालय से रूबरू न होने के कारण सैलानियों ने रानी कमलापति, महाराजा छत्रसाल का मकबरा, बेरछा रानी का मकबरा, मस्तानी महल सहित शनि मंदिर , सूर्य मंदिर एवं महाराजा छत्रसाल शौर्य पीठ पर स्थापित 52 फिट की छत्रसाल प्रतिमा स्थान के साथ भ्रमण कर दर्शन किए और सेल्फी भी खिंचवाई।

**अवकाश के दिन भ्रमण कराने पुरातत्व आयुक्त से मांगी थी अनुमति, नहीं मिली**

संग्रहालय के प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया की पुरातत्व विभाग के अनुसार संग्रहालय में सोमवार को अवकाश रहता है, इस नए वर्ष की शुरआत सोमवार के साथ हुई है। प्रत्येक नए वर्ष के पहले दिन सैलानी परिवार सहित घूमने आते हैं, इसलिए 22 दिसंबर को पुरातत्व आयुक्त भोपाल एवं उपसंचालक ग्वालियर को पत्र लिखकर नए वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार अवकाश के दिन संग्रहालय खोलने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन विभाग द्वारा अनुमति नहीं दी गई है, जिससे राजस्व का नुकसान तो हुआ है ही साथ ही परिवार सहित घूमने आए लोग निराश होकर लौट रहे हैं। पिछले वर्ष पहले दिन लगभग 80 हजार का राजस्व मिला था इस वर्ष यदि अवकाश नहीं होता तो 1 लाख के लगभग का राजस्व शासन को मिलता।

# जेम की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र 2024 का शुभारंभ



एनटीपीसी

विंध्याचल के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023 की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 01.01.2024 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान के सभागार में किया गया । यह 7 दिवसीय कार्यशाला दिनांक 01.01.2024 से 06.01.2024 तक मई-जून-2023 में जेम कार्यक्रम के तहत एक महीने की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में भाग लेने वाली बालिकाओं के लिए आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में आस-पास के 22 गाँवों के 13 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 101 बालिकाएँ भाग ले रही है।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अंग्रेजी, कंप्यूटर, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य और शारीरिक स्वच्छता आदि विषयों की जानकारी सप्ताह भर चलने वाले कार्यशाला के दौरान दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री प्रबीर कुमार बिस्वास, वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर एवं आरएंडआर) श्री महताब आलम, उप प्रबन्धक(योजना एवं प्रणाली) श्री फर्जन्द हुसेन, कार्यपालक (सीएसआर) श्री जप्पनजोत सिंह एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जेम के शीतकालीन सत्र की कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहें।

# एनटीपीसी विंध्याचल में केक काट कर किया गया नववर्ष 2024 का अभिनंदन

एनटीपीसी

राष्ट्र की विशालतम विद्युत परियोजना एनटीपीसी विंध्याचल- प्रशासनिक भवन की टेरिस पर दिनांक 01-01-2024 को प्रातः 10:00 बजे खुले आसमान के नीचे परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार द्वारा केक काटकर नववर्ष 2024 का स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज, कमांडेंट केऔसूब श्री पंकज बलियान, सभी महाप्रबन्धकगण, सभी विभागध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, अध्यक्ष नीव, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2024 सभी के जीवन में नए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करे और सभी मिलकर एनटीपीसी-लिमिटेड के साथ-साथ अपनी परियोजना एनटीपीसी-विंध्याचल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। हमें एनटीपीसी पर गर्व है, हमें गर्व है अपने



विंध्याचल स्टेशन पर जिसने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान से राष्ट्र के विकास को प्रगति प्रदान की है और राष्ट्र का विशालतम विद्युत सयंत्र बनने की उपलब्धि प्राप्त की है। पिछले एक वर्ष के दौरान हमारे स्टेशन नें नई उचाइयों को प्राप्त किया है और कई उपलब्धियाँ हासिल की है। विगत वर्ष हम सभी ने अनेक चुनौतियों का सामना सामूहिक उत्तरदायित्व के बोध के साथ एक टीम के रूप मे बड़ी ही कुशलता एवं पेशेवर दृष्टिकोण के साथ किया। मुझे विश्वास है कि हम अपनी कार्य दक्षता एवं टीम भावना से विंध्याचल स्टेशन के विद्युत उत्पादन की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखेंगे।

## खबर संक्षेप



### अग्रसेन चौक सेवा कार्य से नववर्ष का शुभारंभ

**रीवा।** अग्रवाल समाज रीवा के तत्वावधान में नववर्ष का शुभारंभ अग्रसेन चौक सेवा कार्य से हुआ। अग्रवाल समाज के लोगों ने सर्द मौसम में प्रथम दिन में अग्रसेन चौक के संपूर्ण परिसर में मानव सेवार्थ पानी से बढ़िया साफ सफ़ाई की और अग्रकुल प्रवर्तक देवस्वरूप श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी की को शाल ओढ़ाकर, आरती, माल्यार्पण अपनी श्रद्धा व्यक्त की। तथा सभी सदस्यों ने रीवा वासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की प्रार्थना की साफ सफाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एड.,मंत्री नूतन अग्रवाल, चौक प्रभारी दिलीप अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी, मंत्री मनोज अग्रवाल, शारदा प्रसाद अग्रवाल, उदित अग्रवाल,दीपक अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल नन्हें मुन्ने बच्चे भी शामिल रहे।

### समान थाना के सामने हो रही थी गुंडागर्दी



**रीवा।** समान थाना हमेशा ही सुर्खियों पर रहा है। थाना की कमान ही पुलिस अधीक्षक ने ऐसे निरीक्षक के हाथों पर सौंप रखी है जिनकी चर्चाएं पुलिस विभाग में आम हो चुकी है। उनका पुलिसिंग इस कदर है कि अपराधी थाना में घुसकर पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर तोड़ फोड़ को अंजाम दे चुके। इन दिनों वाहन चालकों द्वारा नये नियम को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जो वाहन जहां है उनके पहिये वहीं थमे हुए हैं। ऐसे में जरुरतमंद दूगने दामों पर आटो वाहन कर अपनी समस्याओं के लिए निदान के लिए घर से निकल रहे तो उनको भी रोक कर गुंडागर्दी के दम पर वाहन खड़ा करा लिया जा रहा। समान थाना के ठीक मुहाने में सुबह से ही ऐसा कुछ चल रहा था। आश्चर्य तो तब हो गया जब एक आटो में बीमार व्यक्ति को लेकर उनके परिजन अस्पताल की ओर जा रहे थे और जैसे ही समान थाना के सामने पहुंच वैसे ही वहां पहले से उत्पात मचा रहे गुंडो से घिर गये। आटो में पड़े बीमार को देख गुंडो में रहम नही जागा बल्कि वहशियानापन दिखाते हुए आटो की चाबी छीन ली और आटो को खड़ा करने के लिए चालक से गाली-गलौज करते रहे। यह सब नजारा समान थाना के सामने हो रहा था और थाना प्रभारी अपने कक्ष में बैठे रूम हीटर का मजा ले रहे थे। मौके की नजाकत को समझते हुए किसी ने प्रभारी सीएसपी डीएसपी हेडक्वार्टर हिमाली पाठक को दी। जानकारी लगते ही प्रभारी सीएसपी हरकत में आई और थाना प्रभारी को हिदायत देते हुए थाना के सामने हो रहे गुंडागर्दी पर काबू लगाने को कहा। प्रभारी सीएसपी का फरमान सुनते ही थाना प्रभारी हरकत में आये और पुलिसकर्मियों को बाहर जाकर देखने को कहा। पुलिसकर्मी जब थाना के बाहर निकले तो वहां उपद्रव मचा रहे लोगों को समझाइश देकर भगा दिया।

### तानसेन समारोह में तबला वादन कर उमंग अग्रवाल ने गिनीज बुक में दर्ज कराया नाम

**अनूपपुर।** विगत दिनों ग्वालियर में 99 वां तानसेन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1500 तबला वादकों द्वारा एक साथ तबला वादन कर ताल दरबार में सम्मिलित हुए तथा 1500 तबला वादकों ने एक साथ प्रस्तुति देकर विश्व रिकॉर्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। उक्त आयोजन में अनूपपुर की बिटिया स्वाति अग्रवाल स्वर्गीय प्रमोद अग्रवाल के पुत्र एवं मनीष अग्रवाल के भांजे उमंग अग्रवाल ने तानसेन समारोह में भाग लेकर समाज और माता-पिता का गौरव बढ़ाया है।

---

**पेट्रोल पंपों में सुबह से लेकर रात तक लगी रही लंबी कतार, कई पेट्रोल पंपों में लग गया ताला**

# जिले के पेट्रोल पंपों से निकलने लगी हवा

**रीवा।** देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। इसी के चलते सोमवार को हड़ताल भरपूर असर दिखाई दिया जिले में संचालित पेट्रोल पंप पर सुबह से लेकर शाम तक पेट्रोल प्राप्त करने लंबी लंबी लाइन लगी रही वही पेट्रोल पंप संचालक व्यवस्था बनाने में असमर्थ दिखाई दिए पेट्रोल प्राप्त करने की लाइन में लगे आम लोगों का कहना है कि प्रशासन इस पर जल्दी से जल्दी कार्यवाही करें।



## ईंधन ना मिलने से ऑटो के थमे पहिए, ई रिक्शा की रही चांदी



कहा गया है कि अगर बस एवं ट्रक चालकों की हड़ताल कई दिनों तक चलती रही तो स्थिति बिगड़ सकती है। रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंड में पहुंचे यात्रियों को पैदल सफर करते यहां वहां भटकते दिखाई दिए वहीं विरोध प्रदर्शन कर रहे चालकों द्वारा यात्रियों से भारी कुछ मिनी बसों को और ऑटो को रोक लिया गया उनसे सवारियां उतरी गई पुराने बस स्टैंड में विरोध कर रहे चालकों ने कई बसो और ट्रैकों को रोककर लंबा जाम लगा दिया। हालत यह रही कि यात्री बसों के साथ ही ट्रक, ऑटो, स्कूल बस, मिनी बस तथा यात्री बसों को रोक दिया गया है। वही देखा गया है कि पेट्रोल पंप पहुंचने वाले दो पहिया वाहन चालक टंकी फुल करवाने की बात कह रहे हैं। लेकिन पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा एहतियाद बरतते हुए एक निश्चित मात्रा में लोगों को पेट्रोल दिया जा रहा है। चार पहिया ज्यादातर वाहनों के खड़े होने की वजह से डीजल की मांग कम है लेकिन दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के संचालित होने की वजह से लोगों द्वारा पेट्रोल की मांग की



जा रही है। सुबह से लगी लोगो की कतार के कारण रीवा जिले में कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल पूरी तरह खत्म हो गया जिसके चलते लोगो को भारी समस्या का सामना करना पड़ा रहा है पैदल चलने को मजबूर रहे यात्री ऑटो धीरे-धीरे बंद पढ़ते गए जिसके चलते ई रिक्शा चालकों की बल्ले बल्ले रही।

### ट्रकों की हड़ताल से जरूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक हर साल 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं, जो हर दिन जरूरत का सामान एक शहर से दूसरे शहर ट्रांसपोर्ट करते हैं। हड़ताल के कारण इतनी बढ़ी संख्या में ट्रकों के रुकने से जरूरी चीजों की किल्लत हो सकती है।

---



# भाजपा नेता गौरव ने श्रीराम मंदिर के कैलेंडर का विमोचन कर घर घर पहुंचाने का किया वादा

**रीवा।** एक जनवरी से नए साल की शुरुआत हो रही है और नए साल की शुरुआत के साथ यह साल इसलिए भी खास है क्योंकि भारत की जनता का 550 वर्षों का इंतजार खत्म होने वाला है आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है इसी उपलक्ष्य में रीवा में भाजपा नेता गौरव तिवारी ने साल 2024 के प्रारंभ होने के साथ और अयोध्या में श्री राम के मंदिर बनाए जाने की उपलक्ष में श्री राम मंदिर का कैलेंडर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के संकल्प पत्र का विमोचन किया है साथ ही श्रीराम कैलेंडर का अब पूरे लोकसभा क्षेत्र में वितरण होगा यह नववर्ष श्री राम मंदिर के निर्माण से जोड़ा जा रहा है क्योंकि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में खुशी का माहौल है विमोचन कार्यक्रम में जिले के सभी वरिष्ठ पत्रकारों से मिलन समारोह एवं भोज का आयोजन किया गया पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए और बातचीत करते हुए भाजपा नेता गौरव तिवारी ने कहा जिस तरह गोस्वामी तुलसीदास ने काशी से रामचरितमानस की शुरुआत की और जिसकी ख्याति पूरे विश्व भर में फैली इस तरह भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो काशी के ही सांसद हैं उन्होंने विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया है जिस तरह नमो भारत की ख्याति पूरे विश्व में फैली है वह अभूतपूर्व है यशस्वी प्रधानमंत्री के ऊपर निः संदेह ईश्वर की आसीन अनुकंपा है कि वह देश का मान पूरे विश्व में बढ़ा रहे हैं और आगामी 22 जनवरी को जब भगवान राम पुनः अयोध्या में विराजित होंगे तो वह पूरे देश के लिए गौरवनित क्षण होगा।

### प्रशासन के साथ बस और ट्रक एसोसिएशनों की बैठक संपन्न

**रीवा।** प्रस्तावित मोटरयान कानून में नए प्रावधानों के विरोध में जिले भर में वाहन चालक हड़ताल पर रहे। इसके कारण बस, ट्रक तथा अन्य वाहनों का संचालन प्रभावित रहा। रीवा शहर में ऑटो रिक्शा भी सीमित संख्या में चले। इस स्थिति से निपटने के लिए कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में बस एसोसिएशन तथा ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रस्तावित नए कानूनों के संबंध में यदि वाहन चालकों को आपत्ति है तो उसे उचित माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाएं। वाहन चालकों की उचित मांगों पर विचार किया जाएगा। जो वाहन चालक स्वेच्छा से वाहन चला रहे हैं उन्हें अन्य चालक परेशान न करें। निजी वाहनों तथा आवश्यक सेवा के वाहनों के संचालन में बाधा डालने का प्रयास न करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने कहा कि वाहन चालक अपनी उचित मांगों से अवगत कराएं। बस मालिक तथा ट्रक मालिक अपने वाहनों का संचालन शुरू करें। वाहनों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। जिले भर में राजस्व और पुलिस अधिकारी के दल तैनात किए गए हैं। इनके द्वारा पेट्रोल पंप तथा सभी प्रमुख सड़कों पर निगरानी की जा रही है। वाहनों को हानि पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एंबुलेंस, पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य पदार्थ, फल-सब्जी, चिकित्सा वाहन तथा अन्य अति आवश्यक सेवाओं के वाहनों को न रोकें। यदि कोई वाहन चालक स्वेच्छा से वाहन चला रहा है तो किसी प्रकार की बाधा न डालें।

---

**सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का दो दिवस में निराकरण कर प्रतिवेदन दें**

## मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तत्काल शुरू करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 5 जनवरी को रीवा का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री संभागीय समीक्षा बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा करेंगे। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी निर्धारित प्रपत्र में आज ही प्रस्तुत कर दें। नवीन स्वीकृत कार्यों के शिलान्यास तथा पूर्ण कार्यों के लोकार्पण की भी सूची आज ही प्रस्तुत कर दें। मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियाँ सभी अधिकारी तत्काल शुरू कर दें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी नई ऊर्जा और उत्साह के साथ अपना कार्य करें। शासकीय दायित्व निर्वहन के साथ अपना और अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। एसडीएम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संकल्प यात्रा का आयोजन कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश विभागों की सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। लंबित शिकायतों का दो दिन में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा भी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की जाएगी। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, परिवहन, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, वित्त, खाद्य, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग तथा ट्राईबल विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। इनका तत्परता से निराकरण कराएं। ऊर्जा विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के



निराकरण के लिए दो से चार जनवरी तक शिविर लगा रहा है। इन शिविरों की जानकारी सांसदगण, क्षेत्रीय विधायकगणों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को अवश्य दें। कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी वाहनों विशेषकर बसों के फिटनेस की तीन दिवस में शत-प्रतिशत जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जाँच में चलने योग्य नहीं पाए गए वाहनों को सड़कों से बाहर कर दें। सभी एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्र में वाहनों की जाँच कराकर अनफिट वाहनों पर कार्यवाही कराएं। वाहन चालकों द्वारा नए परिवहन कानून के विरोध में हड़ताल की जा रही है। हड़ताली यदि किसी सड़क पर अवरोध रखकर यातायात बाधित करते हैं तो उन पर कार्यवाही करें। निजी वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर हड़ताल के संबंध में विभिन्न पक्षों से चर्चा करके इसे समाप्त कराएं। पेट्रोलियम टैंकरों के चालकों की भी हड़ताल समाप्त कराकर डीजल-पेट्रोल की नियमित आपूर्ति की व्यवस्था करें। कानून और व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने उप संचालक कृषि तथा महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को खाद वितरण की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, सहायक कलेक्टर तथा एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# रीवा का शिक्षक बना ठेकेदार

**आदिम जाति कल्याण विभाग से सांठगांठ कर गरीबों का डकार रहा हक**

**रीवा।** आदिम जाति कल्याण विभाग में शासन की राशि का जमकर बंदरबाट किया जा रहा है। गरीबों के उत्थान के लिए आने वाली राशि गरीबों तक न पहुंच कर ठेकेदार से लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग में बैठे महारथियों द्वारा डकार लिया जाता है। एक ओर गरीबों के पैसों से ठेकेदार करोड़ो के आसामी बन रहे है तो वहीं दूसरी ओर आदिम जाति कल्याण विभाग में बैठे अधिकारी से लेकर कर्मचारी मालामाल हो रहे है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आदिम जाति कल्याण विभाग के पैसों का सबसे ज्यादा गंगेव जनपद में दुर्पयोग हो रहा है। सोच का विषय यह है कि आरोप पर आरोप लगने के बाद भी आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा ठेकेदार देवेंद्र मिश्रा पर मेहरबान क्यों है? सूत्र बताते है कि नईगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा परसिया निवासी ठेकेदारदेवेंद्र मिश्रा तो महज एक मोहरा बना हुआ है इस मोहरे के पीछे उसके रिश्ते के जीजा का सारा खेल चलता है। वैसे तो पर्दे के पीछे बैठा जीजा राजबहोर तिवारी शासकीय शिक्षक के पद पर गंगेव जनपद के ही धौरहरा गांव स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ है। बताया जाता है कि विद्यालय तो शिक्षक राजबहोर तिवारी यदाकदा ही जाया करता है और उसकी उपस्थिति बराबर रजिस्टर में दर्ज होती है। लिखित शिकायत पर यदि भरोसा करें तो एक माध्यमिक विद्यालय का शिक्षक आज की तारीख में करोड़ो रूपये का आसामी बन चुका है। यह राशि और कहीं से नहीं अपितु गरीबों को उत्थान के लिए लाई गई शासन की योजनाओं से शिक्षक राजबहोर तिवारी के खजाने में कैद होती चली गई। जिसमें कई हिस्सेदारों के भी नाम सामने आ रहे है जो आदिम जाति कल्याण विभाग से जुड़े हुए हैं। बताया जाता है कि गरीबों के उत्थान हेतु ग्राम पंचायतों के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग राशि आवंटित कर दी जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम नही होता और सारी राशि का ऊपर से लेकर नीचे तक बैठे आदमी बंदरबाट कर लेते हैं।

### लोकायुक्त भोपाल तक शिक्षक की पहुंची शिकायत

बताया जाता है कि धौरहरा में पदस्थ शिक्षक राजबहोर तिवारी के विरूद्ध लोकायुक्त संगठन भोपाल में किसी समाजिक कार्यकर्ता द्वारा लिखित शिकायत की गई है। शिकायत में इस बात का उल्लेख है कि शिक्षक अवैधानिक तरीके से राजबहोर तिवारी आज की तारीख में करोड़ो रूपये का आसामी बन गया है। परिवार के लोगों के अलग-अलग खाते खुले हुए हैं। शिक्षक राजबहोर तिवारी अपने पुत्र के नाम से देव शिक्षा समिति का संचालन करते है जो कागजों पर चलता है और उसमें शासन की राशि का दुर्पयोग किया जाता है। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक की पत्नी कविता तिवारी करती है।

### शिक्षक की अकूत संपत्ति का लोकायुक्त को दिया ब्यौरा



शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त भोपाल को शिक्षक द्वारा अवैधानिक तरीके से बनाई गई अकूत संपति का ब्यौरा दिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि शिक्षक की पत्नी के नाम इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे 16 डिसमिल जमीन है तथा उनकी पत्नी के नाम रतहरा नहर के बगल में 24 सौ वर्गफिट प्लाट है। गोविंदगढ़ बेयर हाउस के बगल में शिक्षक राजबहोर तिवारी ने अपनी पत्नी के नाम जमीन, नेहरु नगर में रघु स्कूल के पास दो मकान, मनगवां इलाहाबाद चौराहे के पास दो दुकानें पत्नी के नाम तथा निज गांव धौरहरा में करोड़ो रूपये के मकान के साथ ही रीवा रतहरा बालेंद्र शेखर तिवारी के बगल में पिता के नाम पर दो दुकाने ली गई है। सोच का विषय यह है कि एक शिक्षक के पास इतनी संपत्ति कहां से आई। देखना यह है कि लोकायुक्त संगठन भोपाल शिकायतकर्ता की शिकायत पर इन संपतियों के संबंध में क्या कार्रवाही करता है?

---

# नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन

## कार्यकर्ताओं के बीच सेंनुआ गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक

**मऊगंज।** जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक गिरीश गौतम के मुख्यआतिथ्य में ग्राम सेंनुआ में नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम एक जनवरी सोमवार को आयोजित किया गया ।आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए शाल-श्रीफल द्वारा सम्मानित किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आज साल का पहला दिन है जिसकी सभी को बधाई देता हुं। यह साल देश के इतिहास में अलग जाना जाएगा। आने वाली 22 जनवरी को हमारे भगवान श्री राम घर में विराजमान होंगे। हम सब 22 जनवरी को इकट्ठा होंगे, एलईडी लगाएंगे और सीधे उनके पुनर्स्थापना का कार्यक्रम देखेंगे। जिस समय पूजा होगी हम सब लोग राम नाम का जाप करेंगे और भगवान राम की झांकी का दर्शन करके जश्न मनाएंगे। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि सबको धन्यवाद करता हूं। और देवतालाब की जनता को नमन करता हूं। हमारे कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों मे भी सहयोग बनाए रखा।और जनता के बीच सरकार की योजनाओं को पहुंचने का कार्य किया। एंव चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने का कार्य किया। और अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़ी घोषणा की है





यदि हम लोग उसको करने में सफल हुए तो दुनिया में हमारा नाम होगा, अभी समय चलता है जर्मनी से AM. और PM.चलता है 12 बजे के पहले तक एएम चलता है और 12 बजे के बाद पीएम चलता है। अब वही खगोल शास्त्र के हिसाब से समय हमारे मुख्यमंत्री की घोषणा हुई है कि अब यह दुनिया में समय की घड़ी हमारे महाकाल लोक से मिलाएगी ऐसा करने का हम लोग प्रयास करेंगे, हमारे लिए बहुत ही खुशी का विषय है। कि हम सब उस साल में प्रवेश कर रहे हैं जिस साल में 500 साल में इतिहास में घटी हुई घटना को दुरुस्त करते हुए नया इतिहास लिखने जा रहे हैं। और नया इतिहास क्या होगा भगवान राम को उनके घर से अपदस्थ किया गया था। और अब वह भव्यता प्रदान करते हुए घर में फिर से भगवान राम लला विराजमान होंगे वह 22 जनवरी आ रही है। हमारे लिए पूरे देश व दुनिया के लिए बहुत खुशी का विषय है। क्योंकि हम सब जानते हैं कि हमारी आस्था को लेकर कई बार सवाल खड़ा किए गए हैं।

नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गिरीश गौतम के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह चंदेल, मऊगंज जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, सीतापुर मंडल अध्यक्ष प्रसून द्विवेदी, देवतालाब मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, नईगढ़ी मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता, बरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल तिवारी, नर्मदा प्रसाद प्यासी, भास्कर प्रसाद गौतम, रामदयाल शर्मा पार्षद, नसीम खान पार्षद, रतनलाल मिश्र मंनगवा नगर पंचायत उपाध्यक्ष ,प्रमोद उरमलिया, मन्नू लाल गुप्ता, इंद्रपाल सिंह, गोविंद लाल तिवारी, लालता प्रसाद गौतम, रविशंकर द्विवेदी, निज सहायक पुष्पेंद्र गौतम, रामपाल सिंह, नरेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, गेंदलाल चौबे, रामपाल सिंह उचेहरा, प्रभाकर प्रसाद मिश्र, शिव बहोर मिश्र, उमेश तिवारी, विनय तिवारी, शिवानंद प्यासी, सीताशरण सेन, यज्ञनिवास उरमालिया, नरेंद्र मिश्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।